भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1891**

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**जम्मू और कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी होना**

**1891. श्री अमर सिंहः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि विगत वर्षों की तुलना में 2016 के दौरान जम्मू और कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में लगातार बढ़ोतरी हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सह भी सच है कि केन्द्रीय सरकार द्वारा आतंकवादियों के साथ कूटनीतिक पहल को रद्द किया जाना राज्य में आतंकवाद के बढ़ने के कारणों में से एक है; और

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हंसराज गंगाराम अहीर)**

**(क) और (ख): पूर्व के 2 वर्षों की तदनुरुपी अवधि की तुलना में वर्ष 2016 (जुलाई तक) के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य में आतंकी हिंसा की घटनाओं की संख्या निम्नानुसार हैः-**

| | 2014 | 2015 | 2016 |
|---|---|---|---|
| **आतंकी हिंसा की घटनाओं की संख्या** | 117 | 101 | 163 |

**(ग) और (घ): जी, नहीं। चूंकि बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए हैं, इसलिए पाकिस्तान में आधारित आतंकवादी संगठन अब अपने निहित स्वार्थ वाले समूहों और सोशल मीडिया के माध्यम से कट्टरपंथ को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रयासों में वृद्धि कर रहे हैं और जम्मू एवं कश्मीर में सुरक्षा बलों पर हमले में वृद्धि करते हुए उन्हें जवाबी कार्रवाई के लिए मजबूर कर रहे हैं और उसे नागरिक विरोध की शक्ल दे रहे हैं।**

----------